# स्थायी गर्भ निरोध (नसबंदी)

| | **महिला नसबंदी**<br>**यह विधि डिम्बवाहिनी नलिका को अवरुद्ध या नष्ट कर देती है ताकि अंडे शुक्राणुओं से न मिल पाएं। डॉक्टर द्वारा ऐसा करने के कई तरीके हैं।** | | **पुरुष नसबंदी**<br>**यह विधि अंडकोष से शुक्राणु निकलने से रोकती है।** |
|---|---|---|---|
| | **सर्जरी विधियाँ**<br>**("नलिका से" और "नलिका को बांध के")** | **सर्जरी के बिना**<br>***(Essure®)*** | **पुरुष नसबंदी** |
| **यह कैसे काम करती है?** | चिकित्सक पेट में दो छोटे चीरे लगाकर नलिका तक पहुँचता है। और उन पर पट्टी या क्लिप लगा देता है या नलिका का कुछ हिस्सा निकाल देता है। | वह प्रत्येक नलिका में एक धातु का तार लगा देता है। चिकित्सक योनि द्वारा नलिका तक पहुँचता है। इसमें कोई चीरा नहीं लगाना पड़ता। | यह विधि, अंडकोश की नली, जिसमें शुक्राणु जमा होते हैं, उसको काटने पर आधारित है। |
| **यह कितना प्रभावशाली करती है?** | >98% तरीके पर निर्भर करता है। | 97% | >99% |
| **इसमें कितना खर्च आता है?** | लगभग सभी बीमा योजनाओं और Medicaid द्वारा कवर होता है (21 वर्ष से अधिक आयु होने पर)।<br>बीमा सुरक्षा द्वारा कवर नहीं होने पर, $1,500 से $6000 तक का खर्च। | लगभग सभी बीमा योजनाओं और Medicaid द्वारा कवर (21 वर्ष से अधिक आयु होने पर)।<br>बीमा सुरक्षा द्वारा कवर नहीं होने पर, $1,500 से $6000 तक का खर्च। | लगभग सभी बीमा योजनाओं और Medicaid द्वारा कवर, मेडिकेयर द्वारा कवर नहीं।<br>बीमा सुरक्षा द्वारा कवर नहीं होने पर, $350 से $1000 तक का खर्च। |
| **फ़ायदे** | यह विधियाँ गर्भ की चिंता दूर कर स्थायी और अत्यधिक प्रभावशाली गर्भ निरोध प्रदान करती हैं।<br>कुछ विधियाँ प्रसव के तुरंत बाद भी अपनाई जा सकती हैं।<br>तुरंत काम शुरू कर देती है। | यह विधि गर्भ की चिंता दूर कर स्थायी और अत्यधिक प्रभावशाली गर्भ निरोध प्रदान करती हैं।<br>आप 24 घंटे के भीतर ही सामान्य काम-काज कर सकते हैं।<br>डॉक्टर की क्लिनिक में ही किया जा सकता है।<br>कोई बेहोशी की दवा नहीं दी जाती।<br>कोई चीर-फाड़ नहीं। | यह विधि गर्भ की चिंता दूर कर स्थायी और अत्यधिक प्रभावी गर्भ निरोध प्रदान करती हैं।<br>यह महिला नसबंदी के अधिकांश उपायों से प्रभावशाली और कम खर्चीला है।<br>डॉक्टर की क्लिनिक में ही किया जा सकता है।<br>कोई बेहोशी की दवा नहीं दी जाती। |
| **नुकसान** | आपको बाद में अफ़सोस हो सकता है।<br>एचआईवी एवं अन्य यौन संचरित संक्रमणों से रक्षा नहीं करता।<br>अगर आपको चक्कर या बेहोशी होती है या आपको प्रजनन अंगों का कोई रोग है तो यह प्रक्रिया आपके लिए नहीं है।<br>यह प्रक्रिया अस्पताल में ही की जानी चाहिए। संक्रमण, खून निकलने और हल्के चक्कर या बेहोशी जैसी प्रतिक्रिया का जोख़िम।<br>विरल में, गर्भ धारण भी हो सकता है। अगर ऐसा होता है तो 30% प्रतिशत संभावना है कि ये अस्थानिक यानि गर्भाशय के बाहर होगा।<br>प्रक्रिया के बाद दर्द रह सकता है जिसके सही होने में एक-दो दिन लग सकते हैं। | आपको बाद में अफ़सोस हो सकता है।<br>एचआईवी एवं अन्य यौन संचरित संक्रमणों से रक्षा नहीं करता।<br>अगर आप निकल के प्रति संवेदनशील हैं या आपको प्रजनन अंगों का कोई रोग है तो ये प्रक्रिया आपके लिए नहीं है।<br>संक्रमण और खून निकलने का जोख़िम।<br>इसे प्रभाव में आने में 3 महीने लग सकते हैं। इस दौरान आपको कोई और गर्भनिरोध विधी अपनानी चाहिए। | आपको बाद में अफ़सोस हो सकता है।<br>एचआईवी एवं अन्य यौन संचरित संक्रमणों से रक्षा नहीं करता।<br>अगर फिलहाल आपके लिंग, पौरुष ग्रंथि या अंडकोष में संक्रमण है तो यह विधि आपके लिए नहीं है।<br>संक्रमण और खून निकलने का जोख़िम।<br>शुक्राणु फिर भी 12 हफ़्तों तक मौजूद रह सकते हैं। सीमेन टेस्ट में शुक्राणु न पाए जाने तक कोई सहायक विधि अपनाएं।<br>प्रक्रिया के बाद दर्द रह सकता है जिसके सही होने में एक-दो दिन लग सकते हैं। |